प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक : 26.04.2026 समय : 02.10pm

मन की बात–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कल्पक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में सफलता हासिल करने पर देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है। आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा यात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह परमाणु सयंत्र पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बना है और ब्रीडर रिएक्टर बिजली उत्पादन के अलावा भविष्य के लिए नया ईंधन विकल्प भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा जनगणना अभियान विश्‍व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान है।

मन की बात–प्रतिक्रिया मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण भोपाल के वीआईपी रोड स्थित चाय लीला कैफे पर रहवासियों के साथ सुना। पीएम के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कई कारणों से मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम देखना चाहिए। मुझे बहुत प्रसन्नता हुई कि मैंने आम लोगों के बीच बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। श्री यादव ने आगे कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान मध्य प्रदेश में जारी हैं। नदी, तालाब, नहर, कुआं, वन क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में सभी जगह 30 जून तक अभियान चल रहा है।

आयोग परीक्षा

राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आज 54 जिला मुख्यालय केन्द्रों पर राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परिसर इंदौर में कमांड कंट्रोल बनाया गया है जहां से राज्य सेवा परीक्षा की सतत् निगरानी होगी। कंट्रोल रूम में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2026 में नवीन त्रि–स्तरीय प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी को शामिल किया गया है। इसके तहत अभ्यर्थियों को बॉयोमेट्रिक प्रमाणीकरण, सीसीटीवी वेबकास्टिंग से निगरानी, अत्याधुनिक मेटल डिटेक्टर (भ्डक) द्वारा महिला एवं पुरूष की अलग–अलग तलाशी शामिल है। किसी भी परीक्षा केन्द्रों पर यदि कहीं कोई कदाचरण या गड़बड़ी की आशंका होने पर या आपातकालीन स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर कंट्रोल रूम के माध्यम से केन्दाध्यक्षों से सीधी बातचीत कर उसका समाधान किया जा सकेगा। बड़वानी, आगरमालवा, बैतूल, अशोकनगर, धार और गुना सहित प्रदेश के 54 जिलो में परीक्षा के व्यापक इंतेजाम किए गए हैं।

एलपीजी उपलब्धता

केन्द्र सरकार ने देशभर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्‍चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दी गई है और किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की सूचना नहीं मिली है। मंत्रालय ने बताया देशभर में ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग करीब 99 प्रतिशत तक बढ़ गई है और ओटीपी आधारित डिलीवरी 94 दशमलव 5 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

स्कूल अवकाश

भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए भोपाल, ग्वालियर सहित कुछ जिलों में जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए 30.04.2026 तक अवकाश घोषित किया है। समस्त शिक्षक स्कूल में उपस्थित रहेंगे।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने आज बारह जिलों में लू की चेतावनी दी है। विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है।

कुछ समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी जिले में 05 मई से 15 जून तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रातः 06 से 08 बजे तक खेल शिविर आयोजित किए जाएंगे।
- शाजापुर जिले में जनगणना की तैयारियां को लेकर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। जिनमें 39 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा लगभग 2000 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।
- मंदसौर जिले में जनगणना के प्रथम चरण के तहत जिला न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश एवं अन्य सभी न्यायाधीशों ने मोबाइल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर 'स्व–गणना' की शुरुआत की।